तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

14 युक्तियुक्तकरण पर शिक्षकों में आक्रोश 28 मई को...

16 राजिम को मिले नगर पालिका का दर्जा : नपा अध्यक्ष महेश




## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव का हुआ तबादला

**फिंगेश्वर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरभाठा में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव को स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही सीईओ जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अनुशंसा के आधार पर दो अन्य सचिवों को स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेशानुसार वर्तमान में ग्राम पंचायत बरभाठा में पदस्थ सचिव श्री चेमन लाल साहू को भेण्ड्री (ज), भेण्ड्री (ज) में पदस्थ सचिव श्री अशोक कुमार साहू को बरभाठा एवं ग्राम पंचायत भसेरा में पदस्थ सचिव श्री हेमकुमार पटेल को ग्राम पंचायत बहेरापाल स्थानांतरित किया गया है।

### रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों पर कार्यशाला 24 मई को

**गरियाबंद।** जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की उपस्थिति में 24 मई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार पंजीयन विभाग के 10 नए जनोपयोग सुधारों की एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण जनसामान्य के जानकारी एवं प्रचार-प्रसार के लिए रखा गया है। जिसमें संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### भेण्डरी में समाधान शिविरआज

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में 23 मई को सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें सभी शासकीय विभागों का स्टॉल लगेगा। सरपंच प्रतिनिधि आनंद पटेल ने बताया की सीएम विष्णुदेव साय के आगमन होने की संभावना है।

### 11 केवी के संपर्क में आने से झुलस गए चार मजदूर

**महासमुंद।** मशीन को ले जाते चार मजदूर 11 केवी के संपर्क में आकर झुलस गए। इन मजदूरों को भंवरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ एक मजदूर की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे रायपुर रिफर किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उमरिया के आश्रित गांव कोयलारीडीह में 10 लाख रुपए की लागत से बस्ती से तालाब के पास स्थित मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार ने मंगलवार को मिक्सर मशीन मंगाई। मशीन को लाते समय लोहे की रॉड 11 केवी हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। जिससे मशीन को धकेल रहे कर्मचारी हेतराम नायक (19), गणेशु नायक (20), राम राणा (52), सरजू (18) करंट की चपेट में आ गए। इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता टेकेंद्र पटेल ने अनभिज्ञता जाहिर की। जनपद सीईओ पीयूष सिंह ठाकुर ने बताया कि हादसे में सरपंच व मशीन ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है।

### दो लोगों ने युवक को मिलकर पीटा

**महासमुंद।** मकान निर्माण की पुरानी बातों को लेकर ग्राम सिरबोड़ा के दो लोगों ने बांस के डंडे और ईंट से गांव के ही एक व्यक्ति पर मारपीट कर दी। मारपीट से व्यक्ति घायल हुआ है। मामला बलौदा थाना का है जहां शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र भोई निवासी ग्राम सिरबोड़ा ने बताया कि 19 मई को शाम करीब 7.30 बजे अपने घर से कीर्तन मंडली होते हुए भंडारा का प्रसाद खाने जा रहा था। उसी समय गांव के ही वरूण भोई और कुश भोई ने मकान निर्माण की पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर कुश भोई अपने हाथ में रखे बांस के डंडे से और वरूण भोई ने पास पड़े सीमेंट के ईंट से मारपीट किया है। मारपीट से आँख के पास व मुंह, कमर में चोट आई है।

**मांग : बिजली विभाग में ठेका कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार, दो माह से नहीं मिला है वेतन**

# दो माह से नहीं मिला वेतन, श्रमिकों ने कहा जब तक भुगतान नहीं, तब तक काम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद विद्युत मंडल में काम कर रहे ठेका श्रमिकों का सब्र आखिर टूट गया। दो माह से वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने 17 मई से सामूहिक कार्य बहिष्कार करते हुए विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को लिखित सूचना देकर अपना विरोध दर्ज कराया है। ये कर्मचारी छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल के महासमुंद कार्यालय के अंतर्गत गरियाबंद संभाग में विश्राम राम साहू के टेंडर के माध्यम से कार्यरत हैं। श्रमिकों का कहना है कि उन्हें दो माह से वेतन नहीं मिला है और पहले भी वेतन भुगतान में लगातार अनियमितता रही है। श्रमिकों के अनुसार, जहां अकुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित मासिक वेतन 9967 रुपए है, वहीं उन्हें 8400 रुपए तक ही दिया गया, वह भी देरी से। हर माह 1800 रुपए से 1900 रुपए की कटौती होती है, जिसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती।

■ सीएसपीडीसीएल के तहत कार्यरत श्रमिकों का फूटा गुस्सा




इससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि वे आर्थिक रूप से बेहद कठिनाई में हैं। घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की पढ़ाई से लेकर रोजमर्रा के खर्च तक सब प्रभावित हो रहे हैं। अब वे तब तक काम पर नहीं लौटेंगे, जब तक बैंक खाते में पूरा वेतन नहीं पहुंचता और पेसलिप उपलब्ध नहीं कराई जाती।

***बिजली सेवाएं प्रभावित होने की आशंका***

*कर्मचारियों के इस सामूहिक बहिष्कार से गरियाबंद में विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो यह संकट और गहरा सकता है। इस दौरान कृपाशम, जागेश्वर, खिलेश्वर, हिंदु कुमार, जैंद राम, प्रभुराम, दुल्लियन कुमार, ऋषि कुमार, पक्कीराम, निरंजन और विष्णु आदि हड़ताल में शामिल रहे।*

***प्रशासन और विभाग से तत्काल पहल की मांग***

*अब देखना होगा कि विभाग इस गंभीर स्थिति का समाधान कब तक करता है। कर्मचारियों की मांग है कि पारदर्शिता के साथ नियमित वेतन भुगतान की गारंटी दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।*

# पेट्रोल मद में गड़बड़ी सहायक ग्रेड-2 निलंबित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, गरियाबंद में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 विजेन्द्र कुमार ध्रुव को कलेक्टर बीएस उइके ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई पेट्रोल-डीजल मद में लगभग 25 लाख रुपये के अनियमित भुगतान के मामले में की गई है। जिला प्रशासन को शिकायत प्राप्त हुई थी कि वाहन क्रमांक सीजी 02-6140 (सुमो) के नाम पर जय लक्ष्मी पेट्रोल पंप से पेट्रोल-डीजल की फर्जी बिलिंग कर अवैध भुगतान किया गया है। मामले की जांच, दस्तावेजों की समीक्षा और संबंधित पक्षों के ▶▶| शेष पेज 14 पर

■ 25 लाख के अवैध बिल पास करने के आरोप में कलेक्टर ने की कार्रवाई

**गंभीर कदाचार का मामला नियमों का उल्लंघन**

यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के खिलाफ पाया गया, जिसे प्रशासन ने गंभीर कदाचार माना है। इसी आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री विजेन्द्र कुमार ध्रुव का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। कलेक्टर बीएस उइके ने स्पष्ट किया है कि शासकीय धन से जुड़ी अनियमितताओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। किसी भी स्तर पर की गई वित्तीय गड़बड़ी पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ससुराल से लापता युवक की जली लाश मिली, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले से लापता हुए युवक का शव अधजले हालत में ओडिशा के जंगल में मिला है। शव नुआपड़ा जिले के सीनापाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरला जंगल में मिला है। युवक के शरीर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह जल चुका है साथ ही शव के पास से बरामद उसकी बाइक भी जलकर खाक हो चुकी है। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान लगनिया उर्फ विशाल सोनवानी (35 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गरियाबंद जिले के देवभोग के उरमाल गांव का निवासी था, जो



अपने ससुराल ग्राम मूंगिया में रह रहा था। बीते 7 दिनों से युवक लापता था। परिजनों ने बताया कि युवक अपने घर में किसी को बिना कुछ बताए अचानक निकला था। इसके बाद से वो न तो लौटा, और न ही उसकी कोई खबर नहीं मिली। परिजनों ने 16 मई को युवक की गुमशूदगी की शिकायत देवभोग थाने में दर्ज कराई थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस हत्या कर शव को बाइक समेत जलाकर फेंकने की आशंका जता रही है और आगे की जांच में जुटी हुई है।

## जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गए युवक पर भालुओं ने किया हमला, घायल

**मैनपुर।** जिले के बिंद्रानवागढ़ वन परिक्षेत्र में एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष की तस्वीर सामने आई है। कामेंपुर जंगल में लकड़ी बीनने गए एक 40 वर्षीय ग्रामीण पर दो जंगली भालुओं ने हमला कर दिया। घायल युवक का नाम गुमान सिंह नागेश बताया जा रहा है, जो जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गया था। तभी अचानक दो भालू उस पर झपट पड़े और बुरी तरह घायल कर दिया। जान बचाने के लिए गुमान सिंह ने हिम्मत दिखाई और अपने पैर से भालू को धक्का देकर किसी तरह जान बचाई। गंभीर रूप से घायल हालत में वह किसी तरह घर पहुंचा, जहां से परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उसका इलाज जारी है। वन विभाग



की ओर से पीड़ित परिवार को तात्कालिक सहायता के रूप में 1000 रुपए की राशि दी गई है। जंगलों से सटे गांवों में वन्यजीवों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन क्या जंगल में जाने वालों की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम हैं या फिर हर बार जान जोखिम में डालकर जलाऊ लकड़ी लानी ही गांववालों की मजबूरी बनती जा रही है।

## धान में सुखत को लेकर आपत्ति सिस्टम को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजिम विधानसभा क्षेत्र की सभी सहकारी समितियों ने धान खरीदी में सुखत (वजन में कमी) को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने खरीदी में आई सुखत को शून्य करने की मांग की है। समितियों ने कहा कि इस बार जो सुखत हुआ है, वह प्राकृतिक और प्रशासनिक कारणों से हुआ है, जिसमें समितियों की कोई सीधी गलती नहीं है। सोसायटी महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने यह नुकसान हमारे द्वारा नहीं, बल्कि मिलर्स की लापरवाही, भंडारण ▶▶| शेष पेज 14 पर

■ राजिम विधानसभा की सहकारी समितियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**खरीदी के समय नमी रहती है 17 प्रतिशत**

समिति प्रमुख ने बताया कि धान खरीदी के समय 17 प्रतिशत नमी रहती है, जो भंडारण व मौसम की स्थिति के कारण घटकर 11-12 प्रतिशत रह जाती है, जिससे स्वाभाविक रूप से वजन में हानि होती है। जिला नोडल अधिकारियों ने भी सुखत की पुष्टि की, फिर भी अनदेखी हुई। संस्थाओं ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन परिस्थितियों के बावजूद समिति प्रबंधकों को दोषी माना जाता है, तो इस प्रक्रिया में सम्मिलित समस्त उच्चाधिकारी भी समान रूप से उत्तरदायी हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सहकारी संस्थाओं को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए धान सुखत को शून्य घोषित किया जाए। इस दौरान संघ के उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, वेश नारायण ठाकुर, जनकराम श्रीवास, बल्ला सिंह मरकाम, ललित साहू, संरक्षक तिहार सिंह ठाकुर, अमर सिंह ठाकुर, धनीराम साहू, छन्नू लाल साहू, अश्वनी विश्वकर्मा, बंशीलाल रात्रें, कोमल ढीढ़ी, इतवारी ▶▶| शेष पेज 14 पर

## फ्री-मानसून की आहट, तूफान के साथ होगी बारिश

**मुड़ागांव(कोरासी)।** इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन अपने निर्धारित समय से ही सप्ताह पहले हो सकता है केरल में 1 जून को पहुंचने वाले मानसून 24-25 मई को दस्तक देगा।इसी के साथ पूरे प्रदेश में भी प्री-मानसून

■ समय से सप्ताह भर पहले केरल पहुंचेगा मानसून



गतिविधियां तेज हो गई हैं।बुधवार को प्रदेश में तीव्र तापमान के साथ मध्यम बारिश की हलचल तेज हो जाएंगी। ▶▶| शेष पेज 14 पर

## ग्राम तमोरा से अवैध अतिक्रमण हटाया गया

**महासमुंद।** वन मंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल ने बताया कि वनमण्डल अंतर्गत बागबाहरा परिक्षेत्र के ढोड़ परिसर के कक्ष क्रमांक 95 व 96 में ग्राम तमोरा के निवासी बैसाखूराम वल्द बैलाराम खैरवार, हिरउ वल्द बोधराम, खेलकुंवर वल्द हिरउराम ध्रुव, रमेश ध्रुव वल्द फूलसिंग ध्रुव एवं अन्य 50 व्यक्तियों द्वारा वन क्षेत्र में रकबा लगभग 100 हेक्टेयर वन भूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से कचरा, सूखे पत्ते की सफाई एवं घांस निंदाई कर मेड़ बनाकर कुछ सालों से खेती जा रही थी। उक्त व्यक्तियों द्वारा वर्ष 2019-20 में भी अतिक्रमण का प्रयास किया गया था। वर्ष 2019-20 में अतिक्रमणकारियों से वनक्षेत्र को मुक्त कराया गया था। अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः अतिक्रमण किया गया, जिसके लिये पीओआर क्रमांक 14403/23, 24, 25 दिनांक 22.01.2025 जारी कर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रयास किया गया। अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर 21 मई 2025 को पुलिस बल एवं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा कक्ष क्रमांक 95 एवं 96 से अतिक्रमणकारियों को हटाया गया है।

**लोगों को मिलेगी मौके पर योजनाओं का लाभ**

# जिले के 334 जनजाति बहुल गांवों में 15 से 30 जून तक लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के जनजाति बाहुल्य इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और इलाज की बेहतर सुविधाओं जैसे मूलभूत जरूरतों को विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। गरियाबंद जिले के 334 ग्राम को इस अभियान में शामिल किया गया है। इनमें विकासखंड गरियाबंद अंतर्गत कुल 126 ग्राम, मैनपुर अंतर्गत कुल 144 ग्राम, छुरा अंतर्गत 50 ग्राम, फिंगेश्वर अंतर्गत 05 ग्राम एवं विकासखड–देवभोग अंतर्गत 09 ग्राम शामिल है। इन 334 ग्रामों के कल्याण एवं संवर्धन के लिए कलेक्टर बीएस उईके के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार कार्ययोजना बनाकर संबंधित विभागों ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। इन गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत–प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की 25 योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के साथ–साथ उन्हें राजस्व विभाग की अन्य दूसरी सेवाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बीमा कार्ड, श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन आदि भी किया जाएगा। खेती-किसानी, पशुपालन, मुगऍपालन, सुअर पालन, मछलीपालन, डेयरी गतिविधियों के इच्छुक ग्रामीणों को इन योजनाओं का फायदा पहुंचाया जाएगा। इन 344 गांवों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के प्रकरण तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ▶▶| शेष पेज 14 पर

**लोगों को योजनाओं के सैचुरेशन से मिलेगा लाभ**

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त नवीन कुमार भगत ने बताया कि जिले में निवासरत जनजातीय वर्ग के लोगो के उत्थान हेतु विभिन्न विभागों द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, आंगनबाड़ी, आवास में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना है ताकि अभिसरण और संतृप्तिकरण के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रें और समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से ग्राम स्तर/क्लस्टर स्तर के शिविरों के माध्यम से अधिकारों की जमीनी स्तर पर डिलिवरी सुनिश्चित की जायेगी। जिसमे दीर्घकालिक एवं तात्कालिक गतिविधियों के अंतर्गत आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम–किसान, जन–धन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा (वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेशन, दिव्यांग पेशन), रोजगार और आजीविका योजनाए (एमजीएनआरईजीए, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा ऋण), महिला एवं बाल कल्याण (पीएमएमवीवाई, आईसीडीएस लाभ, टीकाकरण) जनजातीय परिवारों को पक्का घर, गांवों में सड़क, बिजली, पानी, मोबाईल मेडिकल यूनिट्स, आवासीय विद्यालयों व छात्रवास/आश्रमों के उन्नयन तथा कौशल विकास और अवसर की उपलब्धता इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय बाहुल्य ग्रामों को संतृप्तिकरण किया जाना है।

**कलेक्टर ने योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीणों से की अपील**

कलेक्टर श्री बी एस उइके ने 15 जून से लगने वाले संतृप्तिकरण शिविर का बेहतर एवं सुचारू क्रियान्वयन करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। साथ ही धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अपने गांवों के समग्र विकास के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि इस अभियान के तहत गांव की स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास योजनाओं को बनाने, उनका संचालन करने और उसमें आने वाली समस्याओं को नियमानुसार सुलझाने के लिए इन शिविरों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी है। उन्होंने गांव के युवाओं से भी इन शिविरों में अवश्य ही शामिल होने की अपील की है और शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए अन्य लोगों को भी योजनाओं के लाभ के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की है।

# अतरमरा पंचायत की पीएम आवास योजना में गड़बड़ी विधायक से की गई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

अंचल के ग्राम पंचायत अतरमरा में एक फिर पर प्रधानमंत्री आवास में पैसा लेनदेन को लेकर विधायक रोहित साहू से शिकायत कर जांच करवाने के लिए ग्राम के जगत राम सिन्हा ने ज्ञापन सौंपा है। बता दे की जगत राम सिन्हा ने अपने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य कर्मचारियों की मिली भगत से जरूरतमंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। और जिनको मिला है तो कई घरों में 4 से 5 लोगो को मिला है। इस तरह पैसे देकर आवास पास करवाने के चक्कर में 2 हजार से 3 हजार दे रहे हैं। तथा प्रधानमंत्री आवास में पैसा लेनदेन को लेकर शिकायत के बाद विधायक ने तत्काल जांच के लिए जिला प्रशासन का तलब किया जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी छुरा ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत अतरमरा में 23 तारीख शुक्रवार को 12 बजे इस विषय में जांच की आदेश जारी किया है। बता दे इन दिनों विकास खंड छुरा में प्रधानमंत्री आवास में पैसा लेनदेन की बहुत सी मामले सामने आ रहा है। और हाल ही में ग्राम पंचायत सोरिद में रोजगार सहायक और एक मेट को लेनदेन की शिकायत सही पाय जाने पर कार्रवाई कर पद से हटाया गया है। वही सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत अतरमरा में प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने की ऐवज में पैसा लिया गया है की नहीं यह जांच का विषय है पर यहां लेनदेन की शिकायत बहुत पहले से ही ग्रामीणों में काना फुंसी ▶▶| शेष पेज 14 पर

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के सभी ब्लॉक मुख्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इसी कड़ी में धरसीवां विधानसभा के धरसीवां, खरोरा एवं आरंग ब्लॉक में भी राजीव गांधी की मूर्ति में पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। इसी दौरान पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कांग्रेसियों को आतंकवाद एवं अलगाववादी ताकतों के खिलाफ संकल्प दिलाकर उनके किए गए कार्यों को याद किया। साथ ही युवा कांग्रेसियों ने रक्तदान शिविर भी लगाया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने राजीव गांधी को कंप्यूटर क्रांति साइंस एवं टेक्नालॉजी आज जो भारत में समृद्ध है उसका श्रेय राजीव गांधी को है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा, अश्वनी वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## मयंक वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** आईआईटी पटना बिहार ने रायपुर निवासी मयंक वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका पीएचडी का विषय 'माइक्रो फिक्शन स्टियर वेल्डिंग ऑफ डीसी मिलर एल्युमिनियम एलाइज था'। उन्होंने अपना शोर्ध कार्य प्रोफेसर डा. प्रोवीर साहा के निर्देशन में पूरा किया। मयंक वर्मा होली क्रॉस स्कूल कापा रायपुर से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद रुंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक मेकेनिकल शाखा की डिग्री रायपुर से प्राप्त की। वर्तमान में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में वीएनआईटी नागपुर में कार्यरत है। वे हरिभूमि कार्यालय प्रसार विभाग में कार्यरत अशोक कुमार वर्मा के सुपुत्र हैं।

## छग धीवर समाज का प्रतिभा सम्मान 1 जून को

**रायपुर।** छग धीवर समाज रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल, सिविल लाइन रायपुर के सभागार में 1 जून को कैरियर काउंसिलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 101 होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क कैरियर काउंसिलिंग का भी आयोजन होगा, जिसमें काउंसिलर वर्षा अजित वरवंडकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश धीवर प्रदेशाध्यक्ष एवं राजकुमार धीवर अध्यक्ष रायपुर क्षेत्र, पार्षद रमेश सपहा, सावित्री भारती सहित समाज के लोग शामिल रहेंगे।

## साय सरकार में जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण में घोर लापरवाही: रश्मि

**महासमुंद।** प्रदेश में भीषण जल संकट के लिए साय सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए महासमुंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद दुर्भावना पूर्वक नरवा संवर्धन योजना बंद कर दी गई, जिसके चलते भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है। साय सरकार आने के बाद से जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण में घोर लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा जनता भुगतने मजबूर है। सरकार की उपेक्षा, लापरवाही, अदूरदर्शिता और वर्षा जल संचयन के अभाव में पूरे प्रदेश में अप्रत्याशित जल संकट उत्पन्न हो गया है। पानी के अपव्यय और अनुशासनहीन उपयोग के कारण ही जनता को न पीने का पानी मिल पा रहा है और न ही खेतों में सिंचाई के लिए पानी है, हजारों एकड़ में रबी फसल, सिंचाई के अभाव में सुख गए हैं।

## पेवर ब्लॉक कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने नपाध्यक्ष ने दिए निर्देश

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 15 में जारी पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। ज्ञात हो कि वार्ड 15 में पंकज महाराज घर के पास से महामाया मंदिर चौक तक पेवर ब्लॉक सड़क किनारे लगाए जा रहे हैं। पेवर ब्लॉक लगने से वार्ड वासियों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। तथा गंदे पानी का भराव नहीं होगा। नपाध्यक्ष ने कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने का सख्त निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए।

**मांग : एकजुट होकर सरकार को एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम**

# युक्तियुक्तकरण पर शिक्षकों में आक्रोश 28 मई को मंत्रालय घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रदेश में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश अब आंदोलन की राह पर है, राजधानी रायपुर स्थित मंत्रलय एवं संचालनालय में प्रदेश के 23 शैक्षिक संगठनों के प्रांताध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।

संघ के माध्यम से यह चेतावनी दी गई है कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो 28 मई को मंत्रलय (महानदी भवन) का घेराव और धरना प्रदर्शन होगा। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द नहीं किया और शिक्षक संगठनों से बैठक कर समाधान नहीं निकाला, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन की शुरुआत होगी। इस दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान मिले।प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हो,प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता से छूट दी जाए,रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए, न कि सेटअप के आधार पर। शिक्षक नेताओं ने बताया कि 2008 में जो सेटअप बना था,वह व्यावहारिक और व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त है।उसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में कम से कम तीन शिक्षक ( 60 बच्चों पर) तथा मिडिल स्कूलों में न्यूनतम पांच शिक्षक आवश्यक हैं। हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विषयानुसार पद स्वीकृत किए जाने चाहिए, कामर्स के लिए 2 शिक्षक अनिवार्य है, वर्तमान युक्तियुक्तकरण में इन मानकों की अनदेखी की जा रही है।



### बिना किसी सहमति के युक्तियुक्तकरण लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण

*सभी 23 संगठनों के प्रांताध्यक्षों संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, केदार जैन, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे,चेतन बघेल,गिरीश केशकर,लैलूंन भरद्वाज,प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरें, राजकिशोर तिवारी, कमलदास मुरचले,प्रीतम कोशले, विक्रम राय,विष्णु प्रसाद साहू,अनिल टोप्पो व धरमदास बंजारे ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बिना किसी सहमति के शिक्षक संगठनों को विश्वास में लिए बगैर सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने और आंदोलन का अल्टीमेटम देने पहुंचे सैकड़ों शिक्षकों में शामिल सुधीर प्रधान,शैलेन्द्र पारीक,पूरन लाल साहू, नारायण चौधरी, ओमप्रकाश सोनकला, जितेंद्र मिश्रा,नंद कुमार साहू,विनोद यादव, विद्या प्रसाद चंद्राकर, धर्मेश शर्मा, कृष्णराज जांगडे, जितेंद्र शर्मा, सुधीर सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद थे। शिक्षकों ने साफ कहा है कि यदि सरकार ने आंदोलन को हल्के में लिया तो यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदेशव्यापी शिक्षक आंदोलन होगा, जिसकी शुरुआत राजधानी रायपुर से होगी।*

# आपरेशन सिंदूर एवं सेना के सम्मान में भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

आपरेशन सिंदुर एवं सेना के सम्मान में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा नगर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। वहीं पर भारत माता की जय के साथ सेना के सम्मान में नारे लगाए।

इस अवसर पर पदमा यदु ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से अपने आप को परमाणु संपन्न राष्ट्र बताकर आतंक वाद को पोषित एवं पल्लवित करता रहा है जिसके तहत पहलगाम में आंतक घटना को अंजाम देकर बेकसूर लोगों हत्या कर दी। लेकिन उसके बदले में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप्रेशन सिंदूर चलाया जिसके तहत देश की सेना ने पाकिस्तान में आतंक के 9 अड्डो पर हमला कर लगभग 100 आतंकियों को नरकिस्तान पहुंचाया है। वहीं पर पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है कि इस बार आंतकवाद को जन्म दिये तो अपनी अंजाम का परवाह कर लेना। इन सभी कार्यवाही में हमारी देश की सेना ने बहुत ही बहादूरी से आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। देश की सेना को मेरा नमन है। इसी प्रकार संतोषी श्रीवास्तव ने कहा कि देश की सेना ने पाकिस्तान को आतंक के जवाब में जबदश्त कार्यवाही कर देश का सम्मान बढ़ाया है। मोदी जी के निगरानी में हमारी सेना सजग है वह किसी भी स्थिति मे दुश्मनों को जवाब देने मे सक्षम है। रैली में शाति कोसरे, ज्योति राजपूत, लक्ष्मी श्रीवास्तव, भुनेश्वरी साहू सहित भाजपा महिला कार्यकर्ता शामिल थे।

## जल जीवन मिशन में लापरवाही उजागर ब्लॉक की योजनाएं अधूरी : पुनित राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव( कोरासी

जल जीवन मिशन जैसी केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक में बुरी तरह पटरी से उतर गई है। पुनितराम ठाकुर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छुरा विकासखंड के कई गांवों में अधूरे पड़े कार्यों और पेयजल संकट को लेकर पीएचई भाग पर लापरवाही के आरोप लगाए है। ठाकुर ने कहा कि कोई गांवों में अभी तक ना तो पानी की सप्लाई शुरू हो पाई है और ना ही मिशन की तहत काम पूरा हो सका है। कहीं पानी का टंकी तो बन गया है,लेकिन पाइपलाइन नहीं डाली गई है, तो कहीं पाइपलाइन पूरी हो चुकी है,



लेकिन टंकी का निर्माण अधूरा है। कुछ जगहों पर टंकी और पाइपलाइन दोनों मौजूद थे। लेकिन टंकी लीकेज है या उसमें पानी चढ़ ही नहीं पा रहा। भीषण गर्मी के इस दौर पर ग्रामीण इलाकों के लोग पीएचई विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे है। पुनितराम ठाकुर ने कहा कि विकासखंड में 500 फीट तक बोर करने पर भी पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने इस गंभीर जल संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि ग्राम पंचायतों को तत्काल पेयजल व्यवस्था के लिए अतिरिक्त राशि जारी की जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।




## विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की बहनें कुरूद के लिए रवाना

**राजिम।** विश्व हिंदू परिषद् दुर्गावाहिनी की बहनें गुरूवार को कुरूद वर्ग प्रशिक्षण के लिए रवाना हुई। इन बहनो का स्वागत व हौसला बढ़ाने तिलक करके विदा किया गया। जिसमें विशेष रूप से विहिप के जिला मंत्री निखिल यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रीति पाण्डेय, विहिप नगर अध्यक्ष यानेंद्र सिन्हा, मेषनंदन पांडेय , खुशी साहू, मनीषा शर्मा, योगेंद्र ठाकुर, सागर देवानी, अनुराधा ठाकुर, मीना सेन, लोकेश्वरी साहू, माहेश्वरी विश्वकर्मा मौजूद थे।

## रबी फसल की खरीदी एमएसपी पर हो सुनिश्चित : रूपेश साहू

**फिंगेश्वर।** ब्लाक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रूपेश साहू ने कृषि उपज मंडी राजिम के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर एमएसपी के आधार पर धान खरीदी करने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद लगातार किसानों के साथ हो रहे अत्याचार के विरुद्ध जंग छेड़ने की आवश्यकता है। आज ओलावृष्टि के चलते किसने की फसल का नुकसान हुआ है उसके साथ-साथ व्यापारी द्वारा किसानों को लूटने का कार्य किया जा रहा है जिस वजह से



रबी फसल की धान 1700 रुपए में किसानों से लिया जा रहा है जो पूर्णता गलत है, बल्कि एम एस पी के आधार पर धान खरीदी होनी चाहिए।

## जनहित में लगातार काम कर रही भाजपा सरकार : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर में पहुंचे पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश के गांव- गांव में दौरा कर लोगों की समस्याएं हल कर रहे है। मांगो को पूरी कर रहे हैं। सभी वर्गों के हित के लिए कार्य किया जा रहा है। कहा कि हम सब शहर के विकास के लिए संकल्पित हैं। बहुत जल्द नगर पालिका बनाने के लिए मुख्यमंत्री से यहां के जनप्रतिनिधि मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर मौजूद पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लोगों के हित के लिए कार्य कर रही है,जन्म से मरण तक सरकार के विभिन्न योजनाएं लागू है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ लोगों को मिल रहा है, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समस्या समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान कर एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है। निश्चित ही हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा।



### अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति को मिने योजना का लाभ

नपा अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है, इसीलिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानने और समाधान करने का प्रयास कर रही है। नगर विकास के लिए मैं संकल्पित हूं, हमारा यह प्रयास रहेगा की बहुत जल्द नगर में भव्य बस स्टैंड, नगर के सभी रोड में गौरव पथ, गार्डन, आदि बने इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन पटेल समाज के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने एवं आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष गायकवाड़ ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी,पार्षद तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम सिंह ठाकुर, भारत यादव,अंजनी-उत्तम निषाद, आकाश राजपूत, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकेश्वर सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा निराला, मंशाराम कुर्रे, कुलेश्वर साहू,रेखा साहू कुलेश्वर साहू, बीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र हिरौदिया, नायब तहसीलदार, नितेश भंवर, उप अभियंता, वेदप्रकाश साहू ,ज्योति पटेल, ए आर आई, दीपक वर्मा, सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मितानिन तथा शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल थे।

## 131 परिवार को मिलेगा पक्का मकान : साहू

**नवापारा-राजिम।** नवापारा नगर के गरीब परिवार को एक बड़ी सौगात मिली है। यह जानकारी देते हुए पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि राज्य शहरीय विकास अभिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नवापारा में 131 पक्के मकानों के लिए 327.5 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बताया कि मोदी की गारंटी पर लोंगो ने अपना विश्वास जताया था। उसी का परिणाम है कि गरीबों के पक्के मकान के सपने अब सच होने वाले है। छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय के



सुशासन में सभी क्षेत्रों में हो रहे विकास से हर तरफ लोगो में प्रसन्नता है। कहा कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान विधायक इंद्रकुमार साहू के मार्गदर्शन एवं प्रयास से नगर को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है। नवापारा नगर के लिए 131 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव एवं अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू का आभार जताया है।

## मंडल कार्यसमिति महामंत्री बने गुलशन और पालेंद्र

**मुड़ागांव (कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री



पवन साय की अनुमति एवं जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के सहमति से खड़मा मंडल कार्यसमिति की घोषणा किया गया। जिसमें हेमंत सिन्हा मंडल अध्यक्ष, पूर्णिमा कंवर, लता साहू, रूपेश्वर साहू, रमन नामदेव,उपाध्यक्ष, गुलशन सिन्हा, पालेंद्र साहू महामंत्री, नीतू भोसले, रेवती बाई भुजिया, सोमप्रकाश साहू, जयदीप साहू, मंत्री पुरुषोत्तम गोस्वामी कोषाध्यक्ष, तेजराम ध्रुव सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### स्थाई आमंत्रित सदस्य

*रूपकुमारी चौधरीसांसद महासमुंद लोकसभा, चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम, अनिल चंद्राकर जिलाध्यक्ष गरियाबंद, रोहित साहू विधायक राजिम विधान सभा, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम, संदीप शर्मा अध्यक्ष खाद्य आयोग छत्तीसगढ़,डॉ रामकुमार साहू पूर्व जिला अध्यक्ष गरियाबंद, राजेश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष गरियाबंद, गौरीशंकर कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, लालिमा ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, लेखराज ध्रुव सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सभापति गरियाबंद, मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, अघन सिंह ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष छुरा, संदीप पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष पाण्डुका, पिलुराम यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष छुरा।*

### कार्यकारिणी सदस्य में लिए मंडल के सक्रिय वरिष्ठ कार्यकर्ता

रेखा यद्धु, तारिणी ध्रुव, ललिता सिन्हा, प्रेरणा पांडेय, पुष्पा ध्रुव, जगबाई ध्रुव, बबीता सिन्हा, वेदलाल साहू, खेलन देवी साहू, बिंदु बाई साहू, नरेश कुमार साहू, कृपा राम ध्रुव, कृष्णु दिवान, संतोष सिन्हा, महेंद्र साहू, मुकेश पटेल, राजकुमार ध्रुव, गोविंद यादव, लोकनाथ साहू, धनीराम साहू, जगदीश साहू, ओंकार सेन, गोविंद साहू, लक्ष्मण वर्मा, भुनेश्वर साहू, छबिराम ठाकुर, कोमल राम सिन्हा, कैलाश साहू, राधेश्याम दीवान, अशोक पटेल, आनदं सिन्हा, केशरी नेताम, जगन्नाथ पांडेय, उम्मेद सिंह दिवान।

### विशेष आमंत्रित सदस्य

हीरागिरी गोस्वामी, प्रकाश सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, विष्णु नागेश, पंकज निर्मलकर, भेसमती साहू, उत्तरा बाई पटेल, सोमन यद्धु, वेदराम नंदे, कृपाराम ठाकुर, खेमलाल सिन्हा, उदयराम साहू, हीरालाल साहू, डोमेन विश्वकर्मा, मनीराम यादव, टूका सिन्हा, प्यारेलाल दिवान, उमेंद्र प्रताप, राजेश यादव, भानुप्रताप साहू, रामप्रसाद शांडिल्य यादराम साहू, हेमलाल नेताम, लाला राम यद्धु गुलाब दिवान, संतोष पटेल, बहुत दिवान, गौतम यादव, राजकुमार सेन, देवेंद्र साहू, गोकुल कुंभकार, बलदाऊ ध्रुव, गेंद पटेल, हेमलाल पटेल।

## बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट जिम्मेदार कौन?

झलप। राष्ट्रीय राजमार्ग झलप में एनएचएआई द्वारा सैकड़ों स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। यह लाइट दिन में सड़कों की शोभामात्रा बढ़ा रही है। रात को गिने चुने दो-चार लाइटों को छोड़ बाकी लाइट बंद रहती हैं। शुरू-शुरू में जब फोर लाइन का निर्माण हुआ और यह सैकड़ों लाइटिंग झलप की सड़कों पर लगाई गई तो रात में झलप की शोभा देखते ही बनती थी। लेकिन, धीरे-धीरे यह लाइट बंद होती गई और आज यह आलम है कि दो-चार लाइटों को छोड़कर बाकी सब लाइट में बंद रहती हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आसपास के शहरों के विकास के लिए कई तरह की सुविधा प्रदान करता है। यह राजमार्गों के विकास, रखरखाव, प्रबंधन के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए भी कार्य करती है। इन सब के अलावा राजमार्गों में स्थित शहरों में जहां राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरती है।

**पेज 13 के शेष**

### पेट्रोल मद में...

कथनों के आधार पर यह अनियमितता प्रमाणित पाई गई।

**कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक–** श्री ध्रुव को 17 जनवरी 2025 को कथन दर्ज करने तथा 20 मार्च 2025 को कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था। उनके उत्तर और भूमिका के परीक्षण में स्पष्ट हुआ कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर वित्तीय अनियमितता की है।

### धान में सुखत को...

की कमी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण हुआ है। मिलर्स द्वारा धान का समय पर उठाव नहीं किया, जिससे धान महीनों तक केन्द्रों में जमा रहा। बफर लिमिट से अधिक धान संग्रहित होने के कारण सुरक्षित भंडारण में समस्या हुई। चूहा, दीमक जैसे जीवों के कारण बारदाना व धान को क्षति पहुंची। खाली बारदाने का वजन कम था, जिससे वास्तविक वजन में फर्क आया। अधिकारियों को बार-बार सूचित करने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### खरीदी के समय ...

सिन्हा, गोपचंद बनर्जी, लीकम साहू, ओमप्रकाश साहू, चिमन तारक, बाबुलाल साहू, चतुर राम साहू, महेश कुमार साहू, मोहन सिंह ठाकुर, कन्हैया लाल ध्रुव, परमेश्वर ध्रुव, हिरामण ध्रुव, रोहित जगत, टीकम सोरी, पंचराम ठाकुर, हलधर सिंग, लोमश ध्रुव, यादराम ध्रुव, लीलाराम साहू, सुरेश कुमार कंवर, हरपाल सिंग दीवान, उमेद सिंग कंवर, लालाराम साहू, उज्जव नागेश, भुवेन्द्र मरकाम मौजूद रहे।

### जिले के 334 जनजाति...

आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। गांवों में छूट गए लोगों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए जाएंगे। इसके साथ ही इन संतृप्तिकरण शिविरों में चयनित सभी 344 गांवों के लिए पहुंच मार्गों, पेयजल, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों से पोषण, इंटरनेट और मोबाईल सर्विस की उपलब्धता के साथ–साथ आजीविकास संवर्द्धन के लिए कौशल विकास गतिविधियों के लिए भी ग्रामीणों से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे।

### फ्री-मानसून की...

अगले तीन दिनों में छत्तीसगढ़ में 2 से 4 डिग्री तापमान में गिरावट आने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 4 से 5 दिनों में केरल में मानसून के आगमन के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं।इसी अवधि के दौरान दक्षिण अरब सागर कुछ हिस्सों, मालद्वीव और कोमीरिन क्षेत्र के शेष भागों तथा लक्षद्वीप,केरल तमिलनाडु के कुछ हिस्सों तथा मध्य दक्षिण मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भागों, उत्तर पूर्व और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में मानसून आने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना हैं।

**50 से 60 किमी की रफ्तार से तूफान आने की चेतावनी**–एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका मध्य पाकिस्तान पर चक्रवर्ती परिसंरचना उत्तरी राजस्थान, दक्षिणी हरियाणा, दक्षिण उत्तरप्रदेश,बिहार,उपहिमालयी पश्चिम मंगल होते हुए उत्तरी बंगला देश तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर बनी हुई है। ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण आंध्रप्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु से सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर स्थित है।

### अतरमरा पंचायत में...

करते आ रहे थे। और हाल ही में 2.0 आवास सर्वे में भी कुछ पैसा लेनदेन की बात सामने आया था है। साथ ही पिछले कुछ सालों से 2 हजार से लेकर 10 हजार तक की लेनदेन की बात बताई जा रही है हालांकि यह कितना सही है। ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा बहरहाल ग्रामीणों और जन प्रतिनिधियो में प्रधानमंत्री आवास में हुई गड़बड़ी को लेकर भारी आक्रोश है और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे है।तथा जांच के बाद ही पता चलेगा कि जनपद या ग्राम पंचायत के कौन-कौन से कर्मचारी या पंचायत पदाधिकारी शामिल हैं, और किस पर गाज गिरेगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचिए सक्रिय, कोई घर पर, कोई वाहन में ले जाकर बेच रहा, 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचियों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। कोई घर पर अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बेच रहा है, तो कई दोपहिया वाहन में घूम-घूमकर शराब बेच रहे हैं। आबकारी विभाग की टीम ने ऐसे ही कोचियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 46.86 लीटर देशी शराब जब्त की है। जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कोचियों को भी पकड़ा जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने ग्राम घोंट में रामभरोसे सोनवानी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 145 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। इसी प्रकार पंकज धीवर निवासी छतौना आरंग के कब्जे से 47 पाव देशी मसाला, सिवनी निवासी जितेन्द्र तारक के कब्जे से 37 पाव देशी शराब और एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस वाहन जब्त किया है।

खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में बसना ब्लाक के 30 छात्रों को मिली सफलता

**बसना।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) 2024-25 के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में महासमुंद जिला को कुल 90 सीट प्राप्त हुए थे। इसमें बसना विकासखण्ड ने 30 सीट अर्जित किया और बसना के शिक्षक, विद्यार्थियों ने अपने विकासखण्ड को शीर्ष पर रखने में सफलता प्राप्त की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया एवं विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में हुए तैयारी में बसना विकास खण्ड के एमएस बिजराभाठा के 7 विद्यार्थी सुकांति नायक, रितिका निषाद, गीतिका चौधरी, देविका सागर, नीलू सिदार, आँचल कुमार और कशिश सिदार, एमएस बिरनडबरी के 6 विद्यार्थी चांदनी बरिहा, दामिनी पटेल, सेवन पटेल, सन्नू चौहान, नेहा बरिहा और दामिनी बरिहा, एमएस बड़े साजापाली के 3 विद्यार्थी सीमा यादव, यशवंत और पूर्णिमा नेताम, एमएस चिमरकेल के 3 विद्यार्थी यशस्वी डड़सेना, खुशबू बारिक और वायुदेव सिदार, एमएस बंसूला के 2 विद्यार्थी खुशबू साव और डीलेश साव, एमएस नौगेड़ी के 2 विद्यार्थी चंद्रमणी पटेल और हर्ष चौहान, एमएस उमरिया के 2 विद्यार्थी मोनिका दीवान और नियति पटेल, एमएस ढालम से सीमा निषाद, एमएस दुर्गापाली से भारती इक्का, कन्या शाला बसना से देवप्रिया सामल, एमएस मोहका से आलोक साहू और सेजेस भूकेल से गुरूदेश बारिक के साथ कुल 30 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया।

## शहर में लगेंगे 2000 ट्विन बिन, सफाई की डिजिटल मानिटरिंग

**रायपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने जीटीपी हेल्थ केयर ग्रुप का आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर शहर में 2 हजार ट्विन बिन स्थापित करेगा। सीएसआर के तहत नगर निगम के 10 जोन में गील और सूखा कचरा रखने प्लास्टिक के डस्टबिन लगाये जाएंगे। इसकी देखरेख डिजिटल माध्यम से की जायेगी। आईएलएस हास्पिटल के डीजीएम श्रीकांत उपाध्याय ने महापौर मीनल चौबे को सहमति पत्र दिया। यह ग्रुप नगर निगम के सभी दस जोन में चयनित सार्वजनिक और व्यावसायिक स्थानों पर ट्विन बिन लगाएगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी संस्था की रहेगी। इस डस्टबिन में एकत्रित कचरे का संग्रहण और चिन्हांकन स्थान तक परिवहन की जिम्मेदारी भी इस संस्था की होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष से डॉ पाणिग्राही ने भेंटकर बागबाहरा बायपास के लिए जताया आभार

**बागबाहरा।** बागबाहरा बायपास के फाइनल डीपीआर बनाने तथा उसके बाद दिल्ली से स्वीकृति पश्चात निर्माण शुरू होने की जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन समाधान से मिलने के बाद डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ डॉ रमन सिंह से दुर्ग में सौजन्य भेंट कर बागबाहरा बायपास के लिए आभार माना। डॉ पाणीग्राही ने कहा कि बागबाहरा बायपास की स्वीकृति वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह ने 18 जून 2006 को हेलो मुख्यमंत्री फोन इन कार्यक्रम में मेरी मांग पर स्वीकृत किया था, जो 19 वर्षों बाद विभिन्न प्रक्रियाओं एवं प्रतिक्षा सूची में रहने के बाद अब निर्माण की अंतिम प्रक्रियाओं की ओर बढ़ रहा है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचएआई द्वारा किया जाएगा।

## नशे के कारोबारियों का आतंक, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**महासमुंद।** जिले के ग्राम बेलसोंडा में अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों ने आवाज उठाई है। सैकड़ों महिलाओं और जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर और ग्राम के सरपंच, प्रित बाई धीवर उपसरपंच, कुणाल चंद्राकर के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

मांग : यात्रियों की सुविधा और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए बाहरी बस स्टैंड हो स्थापित

# मार्गों से हटे सब्जी बाजार, वीरान पड़े सोमवारी बाजार उपयोग में लाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शिक्षाविद बलराम देवांगन ने कहा कि नगर में ट्रैफिक का दबाव नहीं बल्कि ट्रैफिक अव्यवस्थित है। मार्गो पर घंटों खड़े वाहन आवागमन बाधित करते है। नगर के बाहर बड़े वाहनों की पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए। प्रतिबंधित समय में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध की सूचना नगर की सीमा कुर्रा, तर्री एवं पारागांव में लगाया जाना चाहिए। प्रतिबंधित समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर नगर पालिका द्वारा भी चालान की कार्यवाही करनी चाहिए। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, चंपारण चौक एवं नगर पालिका चौक में अनिवार्य रूप से ट्रैफिक सिग्नल लगाई जाए। नगर के प्रमुख पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में प्रवेश करने वाले सभी मार्गो में स्पीड ब्रेकर लगाया जाना बेहद आवश्क है। चौक के आसपास वाहनों की पार्किंग न हो इसके साथ ही नगर में बढ़ते यातायात के मद्देनजर शहर के बाहर एक अंतरशहरी बस स्टैंड के निर्माण की आवश्यकता है। जहां अन्य शहरों के लिए चलने वाले बस का स्टॉपेज हो। मार्गो में लगने वाले सब्जी बाजार को भी हटाया जाना उचित होगा। वीरान एवं अस्त-व्यस्त पड़े सोमवारी बाजार को अस्तित्व में लाया जाय। शहरी क्षेत्र में अधिकतम गति सीमा से तेज वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

### व्यापारी व्यवस्थित दुकानें लगाएं : पूर्णिमा



*राजिम नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि राजिम धर्म नगरी के वैभव के अनुरूप यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने का प्रयास जारी है। फिंगेश्वर एवं गरियाबंद मार्ग के चौड़ीकरण कर डिवाइडर बनाने की आवश्यकता है। गरियाबंद मार्ग में बाजार के पास पार्किंग की समस्या के निजाद के लिए मटन मार्केट के पास पार्किंग बनाया गया है। छात्रों के स्कूल समय में राजिम के मुख्य पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में यातायात का भारी दबाव रहता है। जिसके लिए पुलिस विभाग को इस चौक में यातायात की सुगम व्यवस्था के लिए पुलिस जवान की नियुक्ति के लिए आग्रह किया गया है। फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित दुकान लगाने की अपील की गई है। लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। प्रशासन को समय समय पर जनजागरूकता शिविर एवं भारी वाहनों की जांच करके यातायात व्यवस्था में कसावट की आवश्यकता है।*

### यात्रियों की सुविधा के लिए तय हो बैठने का निश्चित स्थान : रेखा



*नगर पंचायत राजिम के पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर ने कहा कि शहर में पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से लेकर रायपुर, फिंगेश्वर एवं गरियाबंद मार्ग में ट्रैफिक का दबाव सबसे ज्यादा है। पूर्व में भी यातायात सुधार के लिए कई प्रयास किए गए है। किंतु बढ़ती आबादी एवं वाहनों की संख्या को देखते हुए वर्तमान मार्ग सकरे लगते है। मुख्य मार्ग में बड़े वाहन के अनावश्यक एवं घंटों खड़े रहने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। यात्री बसों द्वारा यात्री बैठाने के लिए एक निश्चित स्थान होनी चाहिए। नगर पंचायत एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था सुधार के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय है। जिसका सकारात्मक परिणाम दिखने लगा है। बस ऑपरेटर, ट्रांसपोर्टर, वाहन चालकों एवं नगरवासियों से श्रीमती सोनकर ने अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करके राजिम नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में सहयोग करें।*

### सदर मार्ग में बनी रहती है ट्रैफिक जाम की समस्या : रामा



*जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव ने कहा कि शहर में लगातार स्पीड गाड़ी एवं ट्रैफिक व्यवस्था बड़ी जानलेवा समस्या बनी हुई है। नाबालिग लड़के इतनी स्पीड से गाड़ी चला रहे है इन्हें कोई रोकने वाला नहीं पूरे गंज और सदर मार्ग में ट्रैफिक जाम की समस्या है जिसको जहां जगह मिलता है गाड़ी खड़ी कर देते है। बस स्टैंड से लेकर राजिम पुल तक का सड़क मानों कुछ लोगों के प्राइवेट प्रापर्टी है सालों से सड़क किनारे खराब पड़ी ट्रक मिलेंगे मानों शहर का कोई माई बाप नहीं। पुलिस विभाग पूरी तरह से सुस्त है। कभी कोई कार्यवाही करने की जरूरत नहीं समझते और न ही चौक चौराहों में कभी चेकिंग करते दिखेंगे। पुलिस विभाग को शहर में स्पीड गाड़ियों एवं ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है जिस पर वे खरे नहीं उतर रहे है।*

### पुल के पास तैनात हो यातायात पुलिस : पालिका अध्यक्ष



*नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद से ही यातायात व्यवस्था में सुधार करना उनकी पहली प्राथमिकता थी। परिणाम स्वरूप नगर के प्रमुख पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में यातायात पुलिस एवं ट्रैफिक सिग्नल के लिए जिलाधीश रायपुर को आवेदन किया जा चुका है। नगर के प्रमुख यातायात चौराहा चंपारण चौक एवं इंदिरा मार्केट पुल के पास भी यातायात पुलिस की नियुक्ति के लिए आग्रह किया गया है। प्रतिबंधित समय में भारी वाहन एवं रेत डंपर की प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पालिका द्वारा जुर्माना के लिए प्रस्ताव लाने की तैयारी है। परिवहन विभाग को नगर में यातायात शिविर एवं जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए आवेदन किया गया है। व्यापारियों, फुटकर दुकानदारों एवं नगरवासियों से अनुरोध है कि यातायात व्यवस्थित करने में अपना सहयोग प्रदान करें।*



## सीईओ मरकाम ने पैरी उदगम भाटीगढ़ में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम गुरुवार दोपहर को मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम पहुंच कर शिव मंदिर एवं माता दन्तेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना किया। साथ ही पैरी उदगम स्थल का निरीक्षण भी किया और आने वाले दिनों में यहां मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान आदिवासी बालक आश्रम भाठीगढ़ का निरीक्षण कर मरम्मत और रंग रोंगन करने की बात कही। इस मौके पर सरपंच पुष्पा नेगी, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, दामोदर नेगी, वेद प्रकाश पारीक, रामदास वैष्णव एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## किशन कडरा बने गरियाबंद भाजपा मंडल महामंत्री



**पांडुका।** भारतीय जनता पार्टी ने गरियाबंद मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, तथा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने की है। इस कार्यकारणी मे रजनकटा के पूर्व सरपंच एवं पूर्व महामंत्री किशन कण्डरा को महामंत्री नियुक्त किया गया है। किशन कण्डरा पूर्व में ग्राम पंचायत रजनकटा के दो कार्यकाल में सरपंच रह चुके हैं, वर्तमान में उनकी धर्मपत्नी सरपंच हैं। वे पूर्व में पांडुका भाजपा मंडल के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। किशन कडरा सहज, सरल, जुझारू, मिलनसार एवं व्यक्तित्व के धनी है वे

धर्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे है। उनकी सक्रियता नेतृत्व क्षमता औऱ संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए गरियाबंद भाजपा मंडल की मुख्य टीम में स्थान दिया गया। श्री कण्डरा के नियुक्ति से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है, उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालो में रोहित साहू विधायक राजिम, अनिल चंद्राकर जिलाध्यक्ष, रिखिराम यादव नगर पालिका अध्यक्ष, सुमित पारख मण्डल अध्यक्ष, दुलारी साहू जनपद सदस्य छुरा, विजय कडरा विधायक प्रतिनिधि, प्रीतम सिन्हा, चन्दन साहू, नागेंद्र साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, सुरेंद्र सोन्टेके, संदीप पाण्डेय, प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, श्रवण साहू, रेख राम साहू वेद प्रकाश यादव, गुलाब यादव, जयराम साहू, लक्ष्मीकांत यादव, दिनेश निर्मलकर, रमेश साहू, हीरालाल साहू, गणेश राम साहू, कमलेश दीवान, रुपनारायण निर्मलकर सभी ने उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी है।

## प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द से निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर




हमारे भारत देश में सिंदूर ऑपरेशन के सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान करते हुए उनके समर्थन पर प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मे तिरंगा यात्रा का आयोजन राष्ट्रभक्ति और वीरता के संदेश के साथ किया गया। इस दौरान स्कुलो में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रही है। बावजूद सिर्रीखुर्द शिक्षक और छात्र और स्कूल प्रबंधन की राष्ट्र भक्ति की जुनुन प्रशंसनीय है।

इस गरिमामयी यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और देश के वीर जवानों के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान को नमन किया। पूरे जोश एवं गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द और ग्राम पंचायत सिर्राखुर्द के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा यात्रा निकाला गया जो पूरे उमंग एवं उत्साह के साथ सभी ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय घोष करते हुए ग्राम भ्रमण किया। अंत में सभा में परिवर्तन हूये । विशेष रूप से पहूंचे राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने कहा कि यह आयोजन न केवल देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति जनआस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे सशस्त्र बलों के प्रति जनता के अटूट सम्मान का भी जीवंत अभिव्यक्ति है। सरपंच देवेन्द्र वर्मा, शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को रेखांकित करते हुए यह मात्र एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की नारीशक्ति के संकल्प और सिंदूर की रक्षा का साहसिक प्रतिशोध है। भारतीय सेना की वीरता, रणनीतिक दक्षता और आत्मबल को आज पूरा देश श्रद्धापूर्वक नमन कर रहा है। इस अवसर पर युवाओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। जगह-जगह तिरंगे लहराए गए और जय हिंद के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। तिरंगा यात्रा मे ग्राम पंचायत के सरपंच देवेंद्र वर्मा, पूर्व सरपंच टिकेश साहू, ग्रामीण कोषाध्यक्ष टोपेस साहू, परमानंद वर्मा, उप सरपंच नेमुरम साहू, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक खोमन सिन्हा, दुर्गेश विश्वकर्मा, नवीन सोनी, ललित वर्मा, कुलेश्वरी साहू, लीला साहू पंच, द्रोपती साहू, संतोषी कंडरा पंच, दयालु कंडरा शांतिबाई साहू, पार्वती साहू, शारदा साहू, नीतू मारकंडे, नीराबाई वर्मा, सोनिया निर्मलकर, के साथ स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन शामिल थे।

## रिखी व महेश का हुआ सम्मान



**छुरा।** नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम प्रमुख रूप से विधायक दुर्ग गजेंद्र यादव,विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव, चिरमिरी महापौर रामनरेश राय एवं विभिन्न जिला पंचायत के उपाध्यक्ष का सम्मान और स्वागत किया गया। सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया एवं उन्हें श्री फल शाल प्रदान कर का सम्मान किया गया। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के साथ प्रदेश पदाधिकारी एवं यशवंत यादव, तेजेस यादव, जितेंद्र यादव उपस्थित थे।




## नवापारा में राजीव गांधी को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

**नवापारा-राजिम।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा में फुल माला पहनाकर कांग्रेसजनो ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## सोसायटी के महाअध्यक्ष के नेतृत्व में अध्यक्षों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन




**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के सभी प्राधिकृत अधिकारी गुरूवार को कलेक्टर उइके से जिला मुख्यालय में गरियाबंद जिला महासंघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर एवं संस्था के सभी पदाधिकारी एवं प्राधिकृत अध्यक्षों ने कलेक्टर से मिलकर विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, वेशनारायण ठाकुर, महासचिव जनक महाराज, सहसचिव बल्ला मरकाम, कोषाध्यक्ष ललित साहू, संरक्षक तिहार सिंह ठाकुर, अमर साहू, धनीराम साहू, छन्नु लाल साहू, अध्यक्षगणो में अश्वनी विश्वकर्मा, बंशीलाल रात्रे, कोमल ढीढी, इतवारी सिन्हा, गोपचंद बेनर्जी, लिकम साहू, ओमप्रकाश साहू, चेमन तारक, बाबूलाल साहू, चतुर साहू, महेश साहू, मोहन सिंह ठाकुर, कन्हैया ध्रुव, परमेश्वर ध्रुव, हीरामन ध्रुव, रोहित जनक, टीकम सोरी, पंचराम ठाकुर, हलधर सिंह,लोमश ध्रुव, यादराम ध्रुव, लीलाराम साहू, सुरेश कंवर, हरपाल सिंह, उमेद सिंह, लाला राम साहू, उज्जव नागेश, भुवेंद्र मरकाम मौजूद थे। ज्ञापन में लिखा गया है कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार धान खरीदी का कार्य 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी तक की गई। राजिम विधानसभा के अंतर्गत समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य सहकारी संस्थाओ के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। सोसायटी महासंघ द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि मिलर्स द्वारा धान का उठाव समय सीमा में नही करना, बफर लिमिट से अधिक धान उपार्जन केंद्र में संग्रहित रहना,चूहा-दीमक आदि से बारदानो का क्षतिग्रस्त होना, खाली बारदाना के वजन में कमी होना, अधिकारियों को धान उठाव के संबंध में पत्राचार व दूरभाष के माध्यम से सूचित करने के बावजूद किसी भी प्रकार की पहल नहीं किया गया, धान खरीदी के समय किसानो से 17 फीसदी नमी में खरीदी होती है जो धान उठाव के समय सुखती 11-12 फीसदी हो जाता है, जिला नोडल अधिकारियों द्वारा धान खरीदी का भौतिक सत्यापन किया गया उनके माध्यम से भी धान सुखती की जानकारी आगे पहुंचाई गई उसके बावजूद उच्चाधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित

# जन-जन को मिल रहा योजनाओं का लाभ : मांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 22 किमी दूर ग्राम शोभा में गुरुवार को सुशासन तिहार का अयोजन किया गया। इस सुशान तिहार में शामिल होने ग्राम पंचायत शोभा, तौरेंगा, अमाड़, अड़गड़ी, गौरगांव, गरहाडीह, कोकड़ी, गोना, भुतबेड़ा, कुचेंगा ग्राम पंचायत क्षेत्र के लगभग 40 ग्रामों से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरूश पहुंचे, सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत शोभा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जहां शोभा सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने - अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियो ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। शिविर स्थल में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई गई। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, जनपद उपाध्यक्ष नंद कुमारी राजपूत, सरपंच घन"याम मरकाम, तपेश्वर ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मडल अध्यक्ष संतोश यादव, नंदनी नेताम , महेश कश्यप, मनोज निर्मालकर ,कुमारी बाई पटेल, परसुराम नेताम जिला पंचायत सीईओ जी आर मरकाम एसडीएम पंकज डाहिरे जनपद सीईओ श्वेता वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### सभी समस्याओं का हो निराकरण : लोकेश्वरी

पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदी सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार मनाया जा रहा है इसी तारतम्य में समाधान शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है जिससे लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी उनके गांव के पास ही शिविर लगाकर दी जा रही है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। इस मौके पर प्रमुख रूप से महिला बाल विकास विभाग के अशोक पाण्डेय,जनपद सदस्य रमुला बाई मरकाम,फूलचंद मरकाम, फूलमती मरकाम, दुखिया बाई, कृष्णाबाई, चिमन नेताम, शंकर लाल नेताम, दीनाचंद मरकाम, पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार धुर्वा, पतिराम साहू, लिबास पटेल, चन्द्र किशोर नागेश, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, बी आर सी सी शिव कुमार नागे, पंचुराम ठाकुर, लिलावती सेन, संजय यादव एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक यशवंत बघेल ने किया।

## खबर संक्षेप

### नक्सलवाद मुक्त प्रदेश की ओर बढ़ रहा छत्तीसगढ़ः पप्पू

**महासमुंद।** तुमगांव नगर के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा जिला प्रतिनिधि पप्पू पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के सघन जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराज सहित 27 नक्सली मारे गए। बसवराज पर एक करोड़ रुपए का इनाम था और वह नक्सल आंदोलन का शीर्ष नेतृत्वकर्ता था। पटेल ने इसे नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताई। उन्होंनें मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा होने पर भी विश्वास जताया।

### विकास के लिए सीएम को सौंपा मांग पत्र

**महासमुंद।** प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अलका चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर खल्लारी विधानसभा के सड़क पुलिया विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिस पर पूर्व विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया। प्रमुख मांगों में बिहाझर गाजर मोंगरापाली चौड़ीकरण कार्य, ग्राम अमेरा से बोईरगांव मार्ग, ग्राम दावनबोड़ से सुखरी डबरी मार्ग, तेलीबांधा से पड़कीपाली, डूमरपाली से घुचापाली मार्ग, कमरौद चरोदा मार्ग, बेलर मोहंदी मार्ग, परसूली से बनियाटोरा मार्ग, भुरकोनी मोहँदा मार्ग में पुलिया निर्माण, लोंदामुड़ा से कोकड़ी मार्ग में डामरीकरण कार्य, बागबाहरा में उपपंजीयक कार्यालय आदि मांग शामिल है।

### जिला जेल में तनाव प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदियों और स्टॉफ के साथ तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित किया गया। डॉ पी कुदेशिया सी एमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से किया गया। बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि रोकथाम के उपाय, अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखे, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योगा अभ्यास करें, अपना स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद ले। टीवी देखे, डीप ब्रिथिंग बलून की सलाह दी गई। कार्यशाला में जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, खोमन लाल साहू सीनियर नर्सिंग ऑफिसर आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारी को लेकर हुई बैठक

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 20 मई को समय-सीमा बैठक के दौरान आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ आपदा बचाव एवं राहत कार्यों की पूर्व तैयारी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए समुचित एवं प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।
कलेक्टर लंगेह ने जिले में स्थापित वर्षा मापक यंत्रों की जांच कर उन्हें कार्यशील स्थिति में लाने और जिन स्थानों पर ये यंत्र नहीं हैं, वहाँ शीघ्र स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 1 जून 2025 से जिले में 24×7 नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने को कहा, जिसकी जानकारी आमजन को मीडिया के माध्यम से दी जाएगी। नियंत्रण कक्ष 1 जून 2025 से वर्षा ऋतु की समाप्ति तक कलेक्टर कार्यालय, कक्ष क्रमांक 20 में कार्यशील रहेगा। इस आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07723-223505 तथा ईमेल msamund.cg@nic.in है। आपदा नियंत्रण कक्ष के संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आयोजन : राजिम में सुशासन समाधान शिविर में 28 लोगों को मिला राशन कार्ड

# राजिम को मिले नगर पालिका का दर्जा : नपा अध्यक्ष महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ राजिम को नगर पालिका का दर्जा दिलाने मिला पुरजोर समर्थन





जिले के सबसे बड़ा पुराना नगरीय निकाय राजिम नगर पंचायत को सुशासन समाधान शिविर में नगर पालिका का दर्जा के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शहर के नागरिकों ने पुरजोर समर्थन किया है। शिविर का आयोजन गुरूवार को मंगल भवन में किया गया था जिसमें महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, राजिम विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, सीएमओ मनीष गायकवाड़ के अलावा राजिम नगरपंचायत के समस्त पार्षद ,सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास, राजस्व, वन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, जल संसाधन, विद्युत, शिक्षा, श्रम एवं रोजगार तथा नगर पंचायत का स्टॉल लगा हुआ था।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 28 लोगों को राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरदानी का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई, कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं सभी विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मालूम हो कि समस्याओं के समाधान के लिए भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### नेताजी वाटिका को सौंदर्यीकरण करने की मांग

स्वास्थ्यगत कारणों के चलते विधायक रोहित साहू शिविर में नहीं पहुंच पाए। अपने संदेश में कहा कि यहां की मांगो को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल के साथ वे सीएम,डिप्टी सीमए के पास जाएंगे। सुशासन समाधान शिविर में अध्यक्ष महेश यादव ने राजिम को नगर पालिका का दर्जा दिलाने की मांग प्रमुखता से रखी। जिस पर उपस्थित सभी पार्षदों एवं मौजूद लोगों ने जोरदार ताली बजाकर स्वागत एवं समर्थन किया। अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि राजिम नगर की आबादी लगभग 25000 है। नगर में 15 वार्ड है। राजिम नगर जनसंख्या एवं अन्य दृष्टिकोण से नगर पालिका के सभी मापदंडों पर खरा उतरता है। इसलिए राजिम को यथाशीघ्र नगर पालिका का दर्जा अवश्य मिलना चाहिए। श्री यादव ने राजिम के प्रमुख चौक पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक के व्यवस्थीकरण एवं सौंदर्यीकरण, कौशल्या वाटिका एवं नेताजी वाटिका के सौंदर्यीकरण, नगर पंचायत के लिए मिनी चैन माउंटेन एवं जेसीबी, राजिम के अवैध प्लॉट को वैध घोषित करने की मांग रखी। जिस पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि शासन स्तर पर सभी मांगो की स्वीकृति के लिए प्रमुखता से प्रयास किए जाएंगे। राजिम नगर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

# गर्मी की तपिश में जंगलों से निकले मशरूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

मई की चिलचिलाती गर्मी, झुलसाती हवाओं और तापमान के 44 डिग्री के पार जाने के बीच जब आम जनता राहत के लिए बारिश की बूंदों को तरस रही थी, तब अंचल में मौसम ने अचानक एक अनोखा रूप दिखाया। मई को आई तेज आंधी, बिजली कड़कने और हल्की बारिश के बाद जंगलों की मिट्टी से निकला सरई बोड़ा मशरूम। आमतौर पर यह मशरूम वर्षा ऋतु की शुरुआत में निकलता है, जब मिट्टी की ऊपरी परत गीली हो जाती है। परंतु इस बार यह समय से पहले ही प्रकट हो गया। बोडा के आने से अंचल के गाँव-गली, चौक-चौराहों, हाट-बाज़ारों में अचानक इस 'जंगली स्वाद' की बहार छा गई। मशरूम की मांग इतनी बढ़ी कि इसकी कीमतें 1000 से बढ़कर 1200 रुपए किलो तक जा पहुँचीं। सरई पेड़ के नीचे मिलने वाला यह मशरूम न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि पोषण से भरपूर और औषधीय गुणों से युक्त भी माना जाता है। आदिवासी समाज इसे विशेष पकवानों में उपयोग करता है और इसकी तुलना अमूल्य संपदा से करता है। बोडा बेचने वाले लोगों का कहना था कि ,/"हम हर साल जून-जुलाई में बोड़ा तोड़ने जाते हैं, लेकिन इस बार मई में ही यह निकल आया। मांग इतनी थी कि 2 घंटे के अंदर पूरी टोकनी बिक गई ये हमारे लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

### पर्यावरणीय संकेत या बदलाव की चेतावनी

विशेषज्ञों का मानना है कि मई महीने में सरई बोड़ा मशरूम का निकलना सामान्य मौसम चक्र से हटकर है। पर्यावरणविद् का कहना हैं, यह घटना दो बातें दिखाती है पहली कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के चक्र असामान्य हो रहे हैं। और दूसरी, कि प्रकृति अपने ढंग से संकेत दे रही है कि हमें चेत जाना चाहिए। अगर हम जंगलों के दोहन को नहीं रोकेंगे तो भविष्य में ऐसे संसाधन अस्थायी बनकर रह जाएंगे।

# खादी को आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्ध : राकेश

■ गरियाबंद और मैनपुर के दौरे पर पहुंचे ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष, खादी केंद्रों का किया निरीक्षण



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय बुधवार को गरियाबंद और मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित खादी उत्पादन केंद्रों का निरीक्षण किया और ग्रामोद्योग से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

श्री पाण्डेय दोपहर में सर्किट हाउस गरियाबंद पहुंचे, जहां से वे खादी केंद्र पहुंचे और कार्यरत महिला कर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि खादी उत्पादन केवल रोजगार का माध्यम न होकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की पहचान बने। स्थानीय उद्यमियों फ्लाई एस ब्रिक्स एवं यात्री वाहन (बस) के हित ग्राहीयो से की मुलाकात एवं निरीक्षण के बाद श्री पाण्डेय ने खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े स्थानीय उद्यमियों से भी संवाद किया। उन्होंने उनके अनुभवों को जाना, समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि बोर्ड उनकी जरूरतों के अनुरूप तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामोद्योग से जुड़े छोटे-छोटे प्रयासों को बड़े स्तर पर आगे लाने की आवश्यकता है।

### सीएम साय की दूरदर्शिता की तारीफ

बातचीत के दौरान श्री पाण्डेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शिता और नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में खादी एवं ग्रामोद्योग को नई दिशा मिली है। उन्होंने न केवल इस क्षेत्र को प्राथमिकता दी है, बल्कि इसे राज्य की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बनाने का प्रयास भी किया है। मुख्यमंत्री की सोच है कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना गांवों से शुरू हो, और खादी इस अभियान की रीढ़ बने। उनके मार्गदर्शन में हमें यह दायित्व मिला है और हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ इसे निभाएंगे। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के विज़न को छत्तीसगढ़ सरकार जमीनी स्तर पर साकार कर रही है। खादी को लेकर लोगों में नई जागरूकता आई है और युवाओं में इसका आकर्षण बढ़ा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार, नपा अध्यक्ष रिखी राम यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव हुंडल ,आशीष शर्मा, सागर मयानी, राधे श्याम सोनवानी, पूर्व अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, सभापति रेणुका साहू एवं खादी ग्राम उद्योग के उपसंचालक केपी श्रीवास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवेक शर्मा ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर किरण देव से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



गुरुवार को राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी एवं शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री विवेक कुमार शर्मा ने जगदलपुर प्रवास के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव के निज निवास में भेंट कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं खासकर युक्तियुक्तकरण के संबंध में चर्चा किया और निवेदन किया कि विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को रोका जाए। विवेक शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब पर्याप्त संख्या में शिक्षक हों, प्राथमिक शालाओं में कैसे पांच कक्षाओं को पढ़ाने 2 शिक्षक पर्याप्त होंगे। प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक जरूरी है, वैसे ही मिडिल, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में विषयवार विद्यार्थीयों की दर्ज संख्या के आधार पर पर्याप्त शिक्षक हों। मुख्यमंत्री जी से भी इस संबंध में किरण देव जी चर्चा कर सकारात्मक समाधान निकालने का आग्रह किया ।शालेय शिक्षक संघ छुरा गरियाबंद से संघ अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा द्वारा किरण देव राय को हमारी मांग के लिए प्रमुखता से रखते हुए अतिशीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया गया है।

# महिलाओं ने निकाली ऑपरेशन सिंदूर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





शहर में सदभावना लिए एक अच्छी खबर सामने आई है कि तिरंगा और ऑपरेशन सिंदूर यात्रा में दो दलों की मातृशक्तियां एक साथ सामने आकर यात्रा में शामिल होकर मिसाल कायम की। बता दें कि ये दोनो मातृशक्ति अलग-अलग प्रमुख दलो से है जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू भारतीय जनता पार्टी से और नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव कांग्रेस से है। इस यात्रा में दोनो एक साथ मातृशक्तियों के साथ निकली। कहा कि सुहाग की कीमत क्या होती है? ये धर्म पूछ कर मारने वाले क्या जाने? जिन बहनो,जिन बेटियो की हाथों की मेहंदी का रंग नहीं उतरा था उनके मांग के सिंदूर उजाड़ दिए। इसे लेकर आतंकियो के खिलाफ महिलाओं में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा था। कहा कि राज माता अहिल्या बाई होलकर जो महिलाओं की प्रेरणा श्रोत है उनका जीवन भी दुख तकलीफ से भरा हुआ था जो एक कुशल नेतृत्व की परिचायक थी। आज देश की स्थिति भी वैसे ही दौर से गुजर रही है। पहलगांव में शहीद हुए पर्यटकों की धर्मपत्नी जो त्याग और बलिदान दिए उनका जवाब भारत की दो बहादुर महिला सोफिया कुरैशी और व्योमिता सिंह ने पाकिस्तान को दिया। ये सच्चा इंसाफ हम महिलाओं को मिला हम देश के हर सैनिको के साथ है जो हम महिलाओं की पीड़ा को समझकर खुद की परवाह न करते हुए पाकिस्तान को झुकाकर रख दिया। इस सिंदूर यात्रा में महिलाओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए।



### बिजली कटौती पर कांग्रेसियों ने विभाग को सौंपा ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** शहर में लगातार हो रहे अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा के नेतृत्व में नवापारा के विद्युत संभागीय कार्यालय पारागांव पहुंचकर एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में विद्युत कटौती के चलते सारे लोग परेशान है। चूंकि यह शहर एक व्यापारिक रूप से प्रमुख केंद्र है। लगातार विद्युत कटौती होने से सारे कार्य प्रभावित होते है। व्यापारियो से लेकर डॉक्टर, नर्सिंग होम संचालक, मैकेनिकल कार्य,किसान ,छात्र-छात्राओं सहित सभी को परेशानियो का सामना करना पड़ता हैं, किसी भी वक्त बिजली चली जाती है। इससे सारे कार्य रुकते हैं। ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि समस्या का निराकरण नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की जाएगी। ज्ञापन देने प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा सहित पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी,जीत सिंह ,नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, राजा चावला, रामकुमार शर्मा, राकेश सोनकर, रामरतन निषाद, अर्जुन साहू , अजय साहू , हेमंत साहनी, टिकेश गिलहरे, दीपाली राजपूत, मानसिंह ध्रुव, प्रतीक साहू , वीरेंद्र राजपूत, शाहिद रजा, बलीराम शामिल थे।

# कॉप ऑफ द मंथ से सम्मानित हुए पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के मनोबल को बनाए रखने एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस द्वारा /"कॉप ऑफ द मंथ/" योजना चलाई जा रही है। इसी क्रम में माह अप्रैल 2025 के लिए जिलेभर से चार पुलिसकर्मियों को उनके विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधान आरक्षक 86 थानेश्वर वर्मा, थाना पांडुका थाना गरियाबंद क्षेत्र के छिन तालाब के पास एक वृद्ध से एक लाख रुपये की लूट के आरोपी को तत्परता से पकड़ने में निभाई विशेष भूमिका। आरक्षक 697 प्रवीण वर्मा, थाना मैनपुर 23 किलो गांजा के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। आरक्षक 121 परमानंद साहू, थाना फिंगेश्वर ग्राम मंदबाय में 105 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी को धरदबोचा। आरक्षक 222 कमल नारायण साहू, थाना राजिम बलात्कार/पॉक्सो एक्ट के गंभीर प्रकरण में पीड़िता की दस्तयाबी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में दिखाई सतर्कता और संवेदनशीलता। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने इस अवसर पर सभी चयनित पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कॉप ऑफ द मंथ जैसी पहल न केवल कर्मियों के उत्साहवर्धन का माध्यम है, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करती है। यह पहल भविष्य में भी जारी रहेगी। गरियाबंद पुलिस का यह प्रयास कर्मठता, ईमानदारी और संवेदनशीलता से ड्यूटी निभा रहे कर्मचारियों को एक उचित मंच और पहचान देने का कार्य कर रहा है।

## साइबर सेल और सीईआईआर पोर्टल की मदद से मिली बड़ी सफलता

# 48 गुम मोबाइल मालिकों को लौटाए गए, चेहरों पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




जिले की पुलिस ने एक बार फिर तकनीकी दक्षता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आम नागरिकों को राहत पहुंचाई है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा की पहल पर जिले की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए 48 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें संबंधित स्वामियों को सौंपा।

मोबाइल फोन प्राप्त करते ही नागरिकों के चेहरे पर खुशी लौट आई। सभी ने गरियाबंद पुलिस का आभार व्यक्त किया और इस जनहितकारी कदम की प्रशंसा की। इस अभियान में भारत सरकार द्वारा विकसित CEIR पोर्टल की अहम भूमिका रही। इस पोर्टल के माध्यम से मोबाइल के IMEI नंबर के जरिए यह पता लगाया जाता है कि गुम या चोरी हुआ मोबाइल किस सिम कार्ड के साथ और कहां उपयोग हो रहा है। इसी तकनीक की मदद से गुम मोबाइल को ट्रैक कर उन्हें बरामद किया गया।

### *अभियान जारी रहेगा*

*गरियाबंद पुलिस ने जानकारी दी कि यह पहल भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी, जिससे और अधिक नागरिकों को उनके खोए मोबाइल लौटाए जा सकें।*

### *मोबाइल गुम होने पर क्या करें?*

*गरियाबंद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए, तो वह तत्काल अपने नजदीकी थाना जाकर सूचना दें। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए निम्न जानकारी साथ रखें जैसे मोबाइल नंबर, IMEI नंबर, डिवाइस का ब्रांड और मॉडल,मोबाइल की रसीद (यदि उपलब्ध हो) मोबाइल कहां और कब खोया, मोबाइल स्वामी का नाम, पता व आधार कार्ड की प्रति इस पहल के माध्यम से गरियाबंद पुलिस न केवल तकनीकी रूप से सक्षम साबित हो रही है, बल्कि जनता के विश्वास को भी और मजबूत कर रही है।*

